UNIT - XI

वस्तुनिष्ठ प्रश्न (अंक – 01)					
1)	कश्मीर के भारत में विलय पत्र पर किसने हस्ताक्षर किए ?				
	a) लार्ड माउण्ट बेटन	b) सरदार पटेल	c) जवाहर लाल नेहरु	d) राजा हरिसिंह	
2)	संविधान में भारत के किस राज्य को विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त है ?				
	a) जम्मू कश्मीर	b) सिक्किम	c) नागालैण्ड	d) अरुणाचल प्रदेश	
3)	भारत में लौह पुरुष की संज्ञा किसे दी गयी है।				
	a) महात्मा गाँधी	b) जवाहर लाल नेहरु	c) सरदार बल्लभ भाई पटेल	d)	
4)	भारत का अन्तिम गवर्नर जनरल कौन था ?				
	a) सी0राजगोपालाचारी	b) सी0आर0 दास	c) लार्ड माउण्ट बेटन	d) राजेन्द्र प्रसाद	
5)	ताशंकद समझौता पर कब हस्ताक्षर हुए थे ?				
	a) 1966	b) 1972	c) 1998	d) 2002	
6)	2014 में किस नये राज्य का गठन हुआ ?				
	a) गोरखा लैण्ड	b) विदर्भ	c) हरित प्रदेश	d) तेलंगाना	
7)	भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति कौन थे ?				
	a) पं0 नेहरु	b) सरदार पटेल	c) डा0 राधा कृष्णन	d) डा0 राजेन्द्र प्रसाद	
8)	भाषाई आधार पर सबसे पहले किस राज्य की रचना हुई ?				
	a) आन्ध्र प्रदेश	b) मध्य प्रदेश	c) उत्तर प्रदेश	d) अरुणाचल प्रदेश	
9)	भारत में विविधता में एकता की विशेषता किसने बतायी ?				
	a) महात्मा गाँधी	b) सुभाष चन्द्र बोस	c) राजेन्द्र प्रसाद	d) जवाहरलाल नेहरु	
10)	संविधान ने किस भाषा को राजभाषा का दर्जा दिया ?				
	a) अंग्रेजी	b) हिन्दी	c) उर्दू	d) हिन्दुस्तानी	
अतिलघुत्तरीय प्रश्न :– 02 अंक					
11)	राज्य पुनर्गठन का क्या अर्थ है ?				
12)	सामाजिक और आर्थिक न्याय से क्या समझते हैं ?				
13)	भारत में कितने राज्य और केन्द्रशासित प्रदेश है ?				
14)	गणतंत्र से आप क्या समझते है ? प्रजातंत्र एवं गणतंत्र में क्या अन्तर है ?				
15)	शिमला समझौता का महत्व बताइए।				
16)	भारत में विविधता में एकता है, इस कथन को स्पष्ट करें।				
17)	राज्य पुनर्गठन आयोग के गठन के कारणों का उल्लेख करें।				
18)	राज्यों व संघ शासित क्षेत्रों में क्या अन्तर है ?				
19)	भारत का संविधान कब लागू हुआ ? इसके निर्माण में कितना समय लगा ?				
20)	भारतीय संविधान निर्माण में अम्बेदकर की क्या भूमिका थी ?				
लघु उत्तरीय प्रश्न :– 04 अंक					
21)	कश्मीर समस्या पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।				
22)	नेहरु के विदेश नीति के दो मुख्य उद्देश्य बताएँ।				
23)	जूनागढ़ की भौगोलिक स्थिति का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।				
24)	सरदार पटेल ने राज्य को किस तरह से भारतीय संघ में मिलाने के लिए विवश किया ?				
25)	आजादी के समय भारत को किन मुख्य चुनौतियों का सामना करना पड़ा ?				

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न :– 06 अंक		
26)	मणिपुर रियासत का विलय भारत संघ में किस प्रकार सम्पन्न हुआ, संक्षेप में लिखें।	
27)	भारत विभाजन की सार्वजनिक जटिल कठिनाई अल्पसंख्यकों की थी। इस कथन की व्याख्या करें।	
28)	राज्य पुनर्गठन आयोग का कार्य क्या था ? इसकी प्रमुख सिफारिशें क्या थी ?	
29)	राष्ट्र निर्माण की मुख्य चुनौतियों की विवेचना कीजिए।	
30)	भारत संघ में हैदराबाद विषय का विवरण कीजिए।	